पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर विधान भवन परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा के सम्मुख चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

## पूरा भारत चौधरी चरण सिंह जी को उनके भूमि सुधार, हदबन्दी कानून को लागू करने और ग्रामीण विकास कार्यों के लिए तथा अन्नदाता किसानों के मसीहा के रूप में आदर के साथ स्मरण करता : मुख्यमंत्री

## प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में विगत 11 वर्षों में देश में ग्रामीण विकास और अन्नदाता किसानों के उत्थान के लिए जो कदम बढ़ाए गए हैं, वह युगांतरकारी साबित हो रहे

**लखनऊ : 29 मई, 2025**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर आज यहां विधान भवन परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा के सम्मुख चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, देश के पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह जी की पावन पुण्यतिथि है। वह 29 मई, 1987 को अपनी नश्वर काया से मुक्त होकर दिवंगत हुए। पूरा भारत चौधरी चरण सिंह जी को उनके भूमि सुधार, हदबन्दी कानून को लागू करने और ग्रामीण विकास कार्यों के लिए तथा अन्नदाता किसानों के मसीहा के रूप में आदर के साथ स्मरण करता है। यह उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि चौधरी साहब का सान्निध्य प्रदेशवासियों को एक लम्बे समय तक मिला।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री और उप प्रधानमंत्री के साथ ही, गृह और वित्त जैसे मंत्रालयों का दायित्व का निर्वहन भी चौधरी चरण सिंह जी ने किया था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में राज्य में भूमि सुधार, ग्रामीण विकास व शासन की शुचिता और पारदर्शिता के लिए चौधरी चरण सिंह जी ने जो कदम उठाए थे, उसकी गूंज आज भी हमारे गांवों में किसानों और समाज के प्रत्येक तबके के माध्यम से सुनाई देती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विगत 11 वर्षों में देश में ग्रामीण विकास और अन्नदाता किसानों के उत्थान के लिए जो कदम बढ़ाए गए हैं, वह युगांतरकारी साबित हो रहे हैं।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक, कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह, विधान परिषद सदस्य श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी, लखनऊ की महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल, विधायक श्री राजेश्वर सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, गृह एवं सूचना श्री संजय प्रसाद तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

———————